फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 77 संख्याः 15 प्रभात जयपुर, शनिवार 15 अगस्त, 2026 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Rashtradoot

Metro

epaper.rashtradoot.com

ARBiT




**Command Does Not End...** In the Army, we often speak of sacrifice in terms of gallantry under fire. Yet, some sacrifices never appear in citations. An elderly mother, living alone in a remote Himalayan village, giving away her only chicken and the last green chilli

**The Indian Judge Honored in Japan**

# 'चीन ने अरूणाचल में नया अतिक्रमण किया'

## राहुल और खड़गे के इस आरोप ने देश में सनसनी फैलाई 15 अगस्त के अवसर पर

### भारत सरकार ने इस खबर को मनगढ़ंत और मिथ्या बताया

- श्रीनंद झा -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

- कांग्रेस ने आरोप लगाया कि चीन ने अरूणाचल प्रदेश में भारतीय सेना को पैट्रोलिंग से प्रतिबंधित कर दिया है।
- राहुल गांधी ने एक्स पर लिखी अपनी पोस्ट में कहा, सरकार इन खबरों को दबा रही है।
- हालांकि, सरकार और सुरक्षा प्रतिष्ठानों ने नई घुसपैठ के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया।

नई दिल्ली, 14 अगस्त। पिछले दो दिनों में कांग्रेस नेताओं – राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारतीय सेना की पैट्रोलिंग पर चीन द्वारा कथित रोक लगाए जाने की खबरों को लेकर सरकार के खिलाफ हमला तेज कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस मुद्दे को 2020 के गलवान संघर्ष से जोड़ते हुए सवाल उठाए हैं।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चीन ने राज्य में वास्तविक नियंत्रण रेखा (लाइन ऑफ ऐक्चुअल कन्ट्रोल एलएसी) के कई स्थानों पर भारतीय सेना की निगरानी गश्त रोक दी है।

उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, चीन ने अरुणाचल प्रदेश में कई जगहों पर हमारी सेना की गश्त रोक दी है–यह बेहद चिंताजनक है।

राहुल गांधी ने आगे दावा किया कि प्रधानमंत्री कार्यालय से उन्हें सरकार के भीतर कथित विद्रोह की जानकारी मिल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बीजिंग का सामना करने के बजाय मीडिया संस्थानों पर इन खबरों को दबाने के लिए दबाव बना रहे हैं।

गांधी ने गलवान संघर्ष के बाद प्रधानमंत्री की उस टिप्पणी को भी याद किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की कोई जमीन नहीं गई है। राहुल ने आरोप लगाया कि सुरक्षा की तुलना में छवि को प्राथमिकता देने का वही रवैया अब भी जारी है।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को इस मुद्दे पर सवालों की विस्तृत सूची जारी की।

उन्होंने पूछा, गलवान के बाद, अब अरुणाचल प्रदेश? खड़गे ने राज्य में चीन द्वारा आगे बढ़ने की कोशिश की खबरों को चिंताजनक बताते हुए पूछा कि क्या पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने अपर सुबनसिरी जिले के तवांग/ताक्सिंग क्षेत्र के निकट अपनी मौजूदगी बढ़ाई है और क्या भारत ने निर्धारित गश्ती पॉइन्ट "शेरा-5" तक नियमित रूप से नहीं पहुंच पा रही है।

खड़गे ने यह भी पूछा कि सर्दियों के दौरान भारतीय पैट्रोलिंग कथित रूप से सीमित क्यों हो जाती है, जबकि चीनी सैनिक पूरे वर्ष वहां मौजूद रहते हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि स्थानीय समुदायों के पारंपरिक चराई और शिकार के क्षेत्र भी उनकी पहुंच से बाहर क्यों होते जा रहे हैं।

उन्होंने प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और गृह मंत्री से देश को जवाब देने की मांग की। साथ ही, उन्होंने सवाल किया कि क्या मई 2020 से पहले वाली स्थिति पूर्वी लद्दाख में पूरी तरह बहाल कर दी गई है।

कांग्रेस के विदेश मामलों के विभाग के अध्यक्ष सलमान खुर्शीद ने ऐतिहासिक रूप से भारतीय गश्त वाले स्थानों तक पहुंच पर कथित रूप से रोक लगाने पर गहरी चिंता जताई और प्रधानमंत्री से इस मुद्दे को सीधे चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के समक्ष उठाने का आग्रह किया। ताक्सिंग क्षेत्र में स्थानीय लोगों की चिंताओं को इससे

( शेष पृष्ठ 4 पर )

### अवकाश की सूचना

राष्ट्रदूत कार्यालय में 15 अगस्त 2026 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त 2026 को प्रकाशित होगा। - व्यवस्थापक

## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं

- उन्होंने स्वतंत्रता सैनानियों के त्याग, तपस्या एवं बलिदान को याद किया।

जयपुर, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस का यह पर्व हमें उन महान स्वतंत्रता सेनानियों, वीर शहीदों और देशभक्त विभूतियों के त्याग, तपस्या एवं बलिदान का स्मरण कराता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

( शेष पृष्ठ 4 पर )

## ब्रिक्स समिट के लिए भारत आएंगे ईरान के राष्ट्रपति

- जाल खंबाता -
- राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो -

- सितंबर में भारत में 18वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। यात्रा के दौरान भारत और ईरान के बीच परस्पर हितों पर वार्ता भी होगी।

नई दिल्ली, 14 अगस्त। ईरानी सूत्रों के अनुसार, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन सितंबर में नई दिल्ली की यात्रा करेंगे और 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। उनकी यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिम एशिया में तनाव लगातार बढ़ रहा है।

( शेष पृष्ठ 4 पर )




